**Fourteenth Loksabha**

**Session : 8**
**Date : 25-07-2006**

**Participants : Athawale Shri Ramdas**

an>

Title : Need to provide proper safety and security to the people keeping in view the recent bomb blasts in local trains in Mumbai.

**श्री रामदास आठवले (पंढरपुर)** : अध्यक्ष महोदय, मुम्बई में जो बम ब्लास्ट हुए हैं, मुझे एडजर्नमेंट मोशन पर बोलने का समय नहीं मिला, लेकिन जीरो ऑवर में आपने वक्त दिया है। सरकार से हमारी इतनी ही मांग है कि मुम्बई शहर की पूरी रक्षा करने की जिम्मेदारी जिस तरह राज्य सरकार की है, उसी तरह भारत सरकार की भी है। शिवराज पाटिल साहब ने अभी एश्योरेंस दे दिया है कि मुम्बई की सिक्योरिटी इंटेलीजेंस को हम मजबूत करने वाले हैं।

11.7.2006 को मुम्बई में 7 बम ब्लास्ट करने का प्रयत्न आतंकवादियों ने किया है। इसमें एक तो हमारा कहना इतना ही है कि ि वशिट कोई भी आतंकवादी हो, मुसलमान एकाध आतंकवादी हो सकता है, लेकिन पूरी मुस्लिम कम्युनिटी आतंकवादी नहीं हो सकती है। इसलिए जो भी आतंकवादी हैं, उन आतंकवादियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। रेल मंत्रालय ने, लालू जी ने उनके लिए पांच लाख रुपये दिये, यह तो बहुत अच्छी बात है। उन्होंने नौकरी देने का एश्योरेंस दे दिया है, लेकिन वह क्लास फोर की नौकरी है। हमारी ऐसी मांग है कि मृतक की फैमिली में अगर क्लैरीकल जॉब की या कोई टैक्नीकल जॉब की योग्यता वाला हो तो उनको जॉब देने की आवश्यकता है। हमारी यह एक ही मांग है।